तापमान

अधिकतम 38 .6 डिग्री

न्यूनतम 23 .5 डिग्री

हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, गुरुवार, 19 जून, 2025

11 योग मैराथन को सीटीएम ने दिखाई हरी झंडी



12 पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन



## खबर संक्षेप

### आंधी में बिजली के पोल से गिरे तार चोरी

**गन्नौर।** पिछले दिनों तेज आंधी व तुफान में बिजली के पोल से गिरी 11 केवी की बिजली की तार चोरी हो गई। चोरी की शिकायत बिजली विभाग के एसडीओ अभिषेक ने खुबडू चौकी पुलिस को दी। पुलिस को दी शिकायत में एसडीओ अभिषेक ने बताया कि आंधी तुफान के कारण एमपी माजरा फीडर का गांव के पास 11 केवी की तार टूटकर नीचे जमीन में गिर गई थी। अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा तार को चोरी कर लिया।

### रामभतेरी गुप्ता बनी 1040वीं नेत्रदाता

**गोहाना।** पुरानी अनाजमंडी निवासी रामभतेरी गुप्ता (82) पत्नी स्व. मुकुंदी लाल गुप्ता क्षेत्र की 1040वीं नेत्रदाता बनी। नेत्रदान करवाने के लिए नई दिल्ली स्थित श्राफ नेत्र बैंक से तकनीशियन नरेंद्र, नेत्रदान को समर्पित गोहाना की प्रख्यात समाजसेवी संस्था आहुति से गुलशन बजाज और सन्नी निरंकारी पहुंचे। बता दें कि रामभतेरी का 18 जून को निधन हो गया था। परिजनों ने उनका नेत्रदान करवाने की इच्छा जताई। नेत्रदान के लिए आहुति से सम्पर्क महिला के पौत्र दीपक गुप्ता ने किया। इसके बाद महिला के बेटे-बहू हंसराज और संतोष गुप्ता, शील गुप्ता, नीरू गुप्ता, पोते-बहू पंकज और गरिमा, दीपक गुप्ता और सुप्रिया व शिवम सहित अन्य ने महिला का नेत्रदान करवाया।

### घर से कॉलेज में पढ़ने गया युवक लापता

**गोहाना।** शहर में चोपड़ा कालोनी निवासी हिमांशु लापता हो गया। वह पानीपत के एक कालेज में बीसीए का छात्र है। उसके पिता संजय ने पुलिस को बताया कि हिमांशु मंगलवार सुबह साढ़े सात बजे घर से कालेज के लिए गया था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। वह मोबाइल साथ रखता था लेकिन उसे घर पर ही छोड़ गया। परिवार के लोगों ने उसकी तलाश की और सुराग न लगने पर थाना गोहाना में शिकायत दी।

### जागसी में रक्तदान शिविर आज

**गोहाना।** एसबीआई की गांव जागसी शाखा द्वारा आज रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर प्रातः 9 बजकर 30 मिनट से लेकर दोपहरबाद 3 बजे तक चलेगा। शिविर की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक देवेंद्र सिंगला करेंगे। संयोजन सहायक प्रबंधक विजय कुमार का रहेगा। यह शिविर गांव जागसी सहरावत और जागसी सूरा पंचायत के सरपंच रमेश और सत्यवान के सानिध्य में आयोजित होगा। आयोजक समिति में संदीप सिवाच, योगीराज, सुल्तान सिंह, जयवीर सिवाच, माधव, जोनी और भूप सिंह शामिल रहेंगे।

### किसान के खेत से मोटर चोरी, मुकदमा दर्ज

**गोहाना।** गांव जागसी के किसान संदीप के खेत से मोटर चोरी कर ली गई। उसकी शिकायत पर बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। किसान के अनुसार उसने सिंचाई के लिए ट्यूबवेल पर मोटर लगा रखी थी। तीन दिन पहले खेत में गया तो मोटर नहीं मिली। उसने अपने स्तर पर चोर व मोटर का पता लगाने की कोशिश की। स

### हथियारों का प्रदर्शन करने वाला गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना बरोदा की पुलिस ने इंटरनेट मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने की घटना मे संलिप्त आरोपित गांव खानपुर खुर्द के अजय को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। अगस्त 2024 में थाना बरोदा में कार्यालय पुलिस आयुक्त से शिकायत आई। सीआइए शाखा सोनीपत ने जांच के दौरान पायाकि इंटाग्राम आइडी पर हथियारों के साथ व्यक्तिगत तस्वीर प्रसारित की गई। इस पर पुलिस ने केस दर्ज किया। सहायक उप निरीक्षक दलबीर ने पुलिस टीम के साथ आरोपित अजय को गिरफ्तार कर लिया।

# नागरिक अस्पताल में जन्म व मृत्यु प्रमाण-पत्र के नाम पर अवैध वसूली

## पीड़ित ने अस्पताल प्रबंधन को दी शिकायत, सीसीटीवी में दिखाई दिया संदिग्ध

- मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर 3800 रुपये की अवैध वसूली का आरोप
- जन्म प्रमाण पत्र के लिए चक्कर काट रहे युवक से वसूले पांच सौ रुपये
- अस्पताल प्रबंधन ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत भेजी



सोनीपत। प्रबंधन को शिकायत देते हुए पीड़ित युवक।





सोनीपत। शिकायत दिखाते हुए दोनों शिकायतकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल में जन्म व मृत्यु प्रमाण-पत्र जल्दी व उसे प्राप्त करने के लिए रिश्वत देने पर मजबूर होना पड़ रहा है। आरोप है कि नागरिक अस्पताल के प्रथम तल पर स्थित कमरा नंबर-120 के बाहर बैठकर एक शख्स लोगों से अवैध वसूली कर रहा है। अपने भाई का प्रमाण-पत्र लेने आए युवक से 3800 रुपये की अवैध वसूली की गई है। वहीं जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने वाले युवक से पांच सौ रुपये की राशि वसूलने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर अस्पताल प्रबंधन को शिकायत दी। जिसके बाद प्रबंधन की तरफ से सीसीटीवी में दिखाई दिए संदिग्ध के खिलाफ पुलिस को शिकायत भेजी है। प्रबंधन की तरफ से अपने स्तर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।


बता दें कि नागरिक अस्पताल के प्रथम तल पर कमरा नंबर-120 में अस्पताल में जन्म लेने वाले बच्चों व पोस्टमार्टम होने के बाद मृतक का मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी किया जाता है। गत दिनों से साइट में दिक्कत होने के चलते जन्म व मृत्यु प्रमाण-पत्र निकालने पर देरी हो रही है। जानकारी मिली है कि करीब तीन सौ फार्म पेंडिंग है। वहीं बुधवार को सुनील नामक व्यक्ति अपने भाई गुड्डू का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने अस्पताल पहुंचा। वहां उसे अस्पताल परिसर में बेंच पर गुलाब नाम के व्यक्ति ने जल्द मृत्यु प्रमाण पत्र दिलाने के नाम पर चार हजार रुपये की मांग की गई। जिसमें आठ सौ रुपये उसने ऑनलाइन खाते में ट्रांसफर कर दिए। उसके बाद गांव से अपने जानकार से रुपये मंगवाकर तीन हजार रुपये फिर खाते में भेजने पड़े। उसके बाद उसे गलत अंकित मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी कर दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत अस्पताल प्रबंधन को दी। प्रबंधन ने जांच करते हुए सीसीटीवी की जांच की तो संदिग्ध युवक दिखाई दिया। उसके बाद प्रबंधन की तरफ से पुलिस को शिकायत दी है।

### शिकायत मिली, मामले की जांच कर रहे

दो शिकायतें मिली है। पीड़ित ने किसी खाते में ऑनलाइन रुपये ट्रांसफर करने की शिकायत दी है। उच्च अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद पुलिस को शिकायत दी है। किसी बाहरी युवक पर रुपये लेने का आरोप है। अस्पताल प्रबंधन जांच कर रहा है। लापरवाही सामने आती है तो कार्यवाही होगी। वहीं पुलिस मामले की जांच करेगी।

*-डॉ. संदीप लठवाल, कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी व मीडिया नोडल अधिकारी।*

### दिखाया सबूत



सोनीपत। ऑनलाइन रुपये किए ट्रांसफर का फोटो।

इसी तरह की शिकायत दीपक नामक व्यक्ति ने भी अस्पताल प्रबंधन को दी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपने नवजात बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आया था। वहां उसे खिड़की पर साइट में दिकत होने की बात कही। उसके बाद उसे गुलाब नाम का व्यक्ति मिला। उसने प्रमाण-पत्र दिलवाने के नाम पर पांच सौ रुपये लिए। उसका फॉर्म भरकर उसे भी 10 से 15 मिनट में प्रमाण पत्र दे दिया गया। शिकायतकर्ताओं ने मोबाइल फोन में ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए रुपयों का सबूत भी दिया।

# एटीएम पर प्लेट लगाकर ग्राहकों के फंसे पैसे निकालने वाले गिरोह का गुर्गा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। आरोपित निशांत को अदालत में ले जाती पुलिस।

रेलवे रोड पर पंट्रोल पंप से एसबीआई एटीएम पर प्लेट लगा कर ग्राहकों के फंसे पैसे निकालने की कोशिश कर रहे युवक को गन्नौर पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपित की पहचान निशांत कुमार निवासी गांव पचाड़ा, जिला नवादा, बिहार के रूप में हुई है। आरोपित को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। जानकारी के अनुसार नीरज निवासी गांव महावटी ने थाना गन्नौर में शिकायत दी थी कि वह एसबीआई एटीएम से 10 हजार रुपये निकालने गया था।

एटीएम ने पैसे नहीं निकाले लेकिन ट्रांजेक्शन सफल दिखा। जब वह बैंक में शिकायत करने पहुंचा, तो बैंक के गार्ड को साथ लेकर एटीएम जांच की गई। मशीन की कैश आउटलेट में काली लोहे की टेप चिपकी मिली, जिससे शक हुआ कि मशीन से छेड़छाड़ हुई है। इसके बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसमें दो संदिग्ध युवक एटीएम में जाते हुए दिखे। जो रुपये निकालते थे। शाम करीब साढ़े पांच बजे इनमें से एक युवक को पेट्रोल पंप के पास रिक्शा में बैठते हुए पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम निशांत कुमार बताया। आरोपित को गन्नौर पुलिस को सौंपा गया। जिस पर पुलिस ने नीरज की शिकायत पर निशांत के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### बीएससी पास है निशांत

आरोपित निशांत बीएससी पास है। 2022 में गुरुग्राम के डीएलएफ कंपनी में हेल्पर की नौकरी करता था। बाद में वह बिहार लौट गया था, तीन दिन पहले वह दोबारा दिल्ली आया। पूछताछ में निशांत ने बताया कि यहां वह डीएलएफ में साथ काम कर चुके गौरव से नौकरी के सिलसिले में मिला। गौरव उसे नौकरी दिलाने की बात कहकर गन्नौर लाया। गौरव ने उसे दूर खड़ा करके एसबीआई एटीएम में प्लेट चिपकाई थी, जिसके बारे में उसे नहीं पता था। प्लेट लगाने के बाद वह वापस आया और कुछ देर बार उसे एटीएम से पैसे निकालकर लाने को कहा था। गौरव के कहने पर वह एटीएम में फंसे रुपये निकाल कर लाया था।

### मास्टरमाइंड की तलाश में जुटी पुलिस

निशांत के साथ गौरव नाम का एक और युवक भी मौजूद था, लेकिन समय रहते वह मौके से भाग निकला। वह गिरोह का मास्टरमाइंड है। हालांकि पुलिस निशांत से दो दिन के रिमांड के दौरान और गहन पूछताछ करेगी, ताकि उसकी सच्चाई का पता चल सके और इस गिरोह के मास्टरमाइंड व बाकी सदस्यों तक पहुंचा जा सके।

*-एएसआई जयबीर सिंह, जांच अधिकारी*

## राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए कल ट्रायल होगा

**सोनीपत।** हरियाणा खेल विभाग द्वारा राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 27 जून से 29 जून 2025 तक पंचकूला जिले में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता ओपन श्रेणी (महिला एवं पुरुष दोनों) के लिए आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में जिला सोनीपत से प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों के चयन हेतु ट्रायल 20 जून को दोपहर 1:00 बजे नवयुग बॉक्सिंग क्लब, प्रभु नगर, गली नंबर 1, नजदीक स्टेट बैंक एटीएम, सोनीपत में आयोजित किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने सभी इच्छुक खिलाड़ियों से अपील की है कि वे ट्रायल के दिन अपने साथ आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, स्कूल से प्राप्त बोनाफाइड प्रमाण पत्र लेकर आएं।

## कार की चपेट में आए भटगांव डुंगरान के युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ा

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र में कार की चपेट में आकर घायल हुए युवक ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। युवक को 17 दिन पहले तेज रफ्तार कार ने चपेट में लिया था। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव भटगांव डुंगरान निवासी सुमित खेती-बाड़ी का काम करता है। सुमित 31 मई को घर का सामान लेने के लिए सोनीपत आ रहा था। जब सुमित महलाना रोड पर पहुंचा तो सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने सुमित की बाइक को टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे रोहतक, पीजीआई रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान सुमित की 17 जून को मौत हो गई।

# मेयर ने बूस्टिंग स्टेशनों का किया दौरा, एक मोटर का वाल्व खराब तो एक जली मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। बूस्टिंग स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे मेयर राजीव जैन।

शहर में पेयजल की शिकायत मिलने पर नगर निगम मेयर राजीव जैन ने ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सदर थाना तथा सिविल अस्पताल स्थित बूस्टिंग स्टेशनों का दौरा किया और मोटर एवं इलेक्ट्रिक पैनल में कमियां मिलीं तो अधिकारियों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि भविष्य में कमी मिली तो कार्रवाई होगी। इस दौरान ओल्ड हाउसिंग बोर्ड बूस्टिंग पर 220 हॉर्स पावर की मोटर का वाल्व खराब मिला, सो हॉर्स पावर की मोटर जली हुई थी, जिस कारण राजेंद्र नगर, तारानगर, न्यू कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्र में पानी की सप्लाई कई दिनों से बाधित थी। उन्होंने निगम के म्यूनिसिपल इंजीनियर अमित शर्मा को फोन करके इन्हें आज ही ठीक करने के निर्देश दिए ताकि पेयजल की आपूर्ति ठीक समय पर हो सके। लाइनपार क्षेत्र में आ रही शिकायतों के चलते राजीव जैन सदर थाना बूस्टिंग स्टेशन पहुंचे तो इलेक्ट्रिक पैनल में फाल्ट मिला उसे तुरंत ठीक करवाने के निर्देश दिए। खन्ना कॉलोनी, हेमनगर में पेयजल की आपूर्ति में आ रही शिकायतों के मिलते सिविल अस्पताल बूस्टिंग का भी दौरा किया।

## अहमदपुर माजरा में सड़क हादसा, युवक की मौत

**गोहाना।** अहमदपुर माजरा में सडक़ हादसे में युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने स्कूटी को टक्कर मार दी। युवक को नुकीला औजार लगा और उसकी मौत हो गई। सदर थाना गोहाना में केस दर्ज किया गया। गांव अहमूदपुर माजरा के सुल्तान ने अपने बेटे संजय को दुकान से कोल्ड ड्रिंक लेने के लिए भेजा था। वह स्कूटी लेकर घर से निकला और अहमदपुर माजरा से गांव गंगेसर की तरफ जा रहा था। जब वह इस मार्ग पर ड्रेन से थोड़ा आगे पहुंचा तो गांव गंगेसर की तरफ से तेज रफ्तार में ट्रैक्टर आया। ट्रैक्टर ने स्कूटी को टक्कर मारी। इसके बाद ट्रैक्टर से नुकीला औजार सीने में लगा। उससे संजय का सीना छाती फट गया और उसकी मौत हो गई। संदीप इकलौता लड़का था और उसके दो बेटे हैं। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# ठरू में बीपीएल परिवार के मकान की छत गिरी, जिला पार्षद ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। पीड़ित परिवार के साथ जिला पार्षद एवं अन्य।

ठरू गांव में एक बीपीएल परिवार का मकान तेज बारिश के दौरान गिर गया, जिससे परिवार को भारी नुकसान हुआ है। राहत और बचाव की कोई तत्काल व्यवस्था न होने से पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही जिला पार्षद संजय बड़वासनिया मौके पर पहुंचे और प्रशासन से आर्थिक मदद की मांग की। जिला पार्षद ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सोनीपत जिले में लगभग 5200 मकानों के लिए राशि आवंटन होनी थी, लेकिन अब तक केवल 3000 मकान ही स्वीकृत किए गए हैं। शेष 2200 मकानों का सर्वे पंचायत सचिवों द्वारा किया गया, परन्तु उन्हें अब तक स्वीकृति नहीं मिल पाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार गरीबों को केवल आंकड़ों तक सीमित कर रही है और जमीनी हकीकत को नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने बताया कि पहली किस्त की राशि मिलने के बाद कई लाभार्थियों ने मकान बनवाना शुरू कर दिया, लेकिन दूसरी किस्त जारी नहीं होने के कारण निर्माण अधर में लटक गया है। उन्होंने प्रशासन से दूसरी किस्त की राशि शीघ्र जारी करने की मांग की ताकि गरीब परिवारों को राहत मिल सके और मकान पूरा हो सके।

### फर्म पर कारागार प्रबंधन का आरोप, पुलिस को दी शिकायत

# कारागार की तरफ से ट्रेनिंग के लिए भेजे विदेशी कुत्ते को फर्म ने वापस नहीं लौटाया, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला कारागार के अंदर मादक पदार्थ व मोबाइल जैसी किसी प्रकार की वस्तु को अंदर जाने से रोकने के लिए विदेशी नस्ल का कुत्ता खरीदने व उसे ट्रेनिंग पर भेजने के बाद फर्म द्वारा वापस न लौटने का मामला सामने आया है। कारागार प्रबंधन की तरफ से बार-बार पत्राचार के बाद फर्म की तरफ से किसी प्रकार का जवाब न देने पर पुलिस को शिकायत दी। शहर थाना पुलिस ने मामले में चंडीगढ़ की फर्म ईएसडी नेटवर्क इंडिया के निदेशक सिमरत पाल सिद्धू के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सोनीपत-गोहाना रोड स्थित जिला कारागार के अधीक्षक राजेंद्र सिंह ने शहर थाना पुलिस को शिकायत देकर बताया कि चंडीगढ़ के सेक्टर-35 डी की ईएसडी नेटवर्क इंडिया कंपनी ने दो जनवरी 2020 को पंजाब होमगार्ड कैनिंग ट्रेनिंग एंड बिल्डिंग इंस्टीट्यूट को 23 सूंघने वाले कुत्तों को हरियाणा की जेलों के लिए प्रशिक्षित करने का प्रस्ताव दिया था। इन कुत्तों को जेल में मोबाइल फोन और ड्रग्स आदि को सूंघकर उसका पता लगाने की ट्रेनिंग दी जानी थी। इसके लिए हरियाणा के कारागार विभाग ने कंपनी को 13 कुत्तों को ट्रेनिंग देने के लिए 29.25 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया था। प्रति कुत्ता यह राशि सवा दो लाख रुपये बनती थी। इसके अलावा इन कुत्तों के भोजन और दवा के लिए भी 8500 प्रति महीना प्रति कुत्ता पांच साल तक दिया जाना था। पंजाब के होमगार्ड कैनिंग ट्रेनिंग एंड ब्रीडिंग संस्थान ने हरियाणा के कारागार विभाग को 11 सितंबर 2020 को बताया कि यह कुत्ते जब हरियाणा के कारागार विभाग को भेज दिए जाएंगे, उसके बाद से इनकी सारी जिम्मेदारी हरियाणा के कारागार विभाग की रहेगी।

### संपर्क करने के बावजूद फर्म ने स्पष्टीकरण नहीं दिया

मिली जानकारी के अनुसार जनवरी 2021 में एक कुत्ता ट्रेनिंग के लिए ईएस डी नेटवर्क इंडिया को भेजा गया, लेकिन 20 महीने बीत जाने के बाद भी वह न तो वापस आया, न ही कंपनी ने कोई जानकारी दी। जेल कारागार सोनीपत द्वारा बार-बार संपर्क करने के बावजूद फर्म ने कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया। मामले से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया। वहां से संपर्क करने पर भी फर्म ने कुत्ता नहीं लौटाया।

### ट्रेनिंग के साथ खाने के बिल का किया भुगतान

हरियाणा के महानिदेशक (जेल) द्वारा साल 2023 से लेकर 2025 को कंपनी को कई पत्र लिखे गए। जिनमें कुत्ता लौटाने की मांग की गई। कंपनी की ओर से 30 जुलाई, 2024 को जवाब आया, जिसमें कहा गया किजैसे ही भुगतान मिलेगा। इसके सात दिन के अंदर कुत्ते जेलों में भेज दिए जाएंगे। विभाग ने 1,80,540 का भुगतान भी कर दिया, फिर भी कुत्ता न तो लौटाया गया। मामले की शिकायत शहर थाना पुलिस को दी गई है।

### कार्रवाई की जाएगी

जिला कारागार प्रबंधन की तरफ से चंडीगढ़ की फर्म के खिलाफ धोखाधड़ी करने की शिकायत मिली है। इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

*-एसआई सुनील कुमार, जांच अधिकारी।*

# आईटीआई चौक से बंदेपुर तक सीवर लाइन की सफाई करवाई

- शिकायत मिलने पर नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा पहुंचे मौके पर
- रात 11 बजे से 12 बजे तक सीवरेज की बड़ी लाइनों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। सीवर लाइन की सफाई करवाते हुए सीनियर डिप्टी मेयर साथ में कांग्रेस नेता।

नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने आईटीआई चौक से राठधाना जगदीशपुर रोड पर स्थित सीवर लाइन में आ रही रुकावट को दूर कराते हुए नरेंद्र नगर, पटेल नगर, रूप नगर, शांति विहार, बंदेपुर और आसपास की कॉलोनियों के निवासियों को सीवर संबंधित समस्याओं से निजात दिलाई। स्थानीय नागरिकों द्वारा सीवर संबंधित परेशानी सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा के संज्ञान में लाई गई थी। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, राजीव सरोहा ने रात को ही आईटीआई चौक से बंदेपुर रोड पर सीवर सफाई के लिए सुपरसक्शन मशीन और ट्रैक्टर मंगवाकर अपनी निगरानी में कार्य करवाया। इस दौरान, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा भी मौजूद रहे और उन्होंने रात 11 बजे से 12 बजे तक सीवरेज की बड़ी लाइनों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया, जिसके परिणामस्वरूप समस्या का समाधान हुआ।

हालांकि हर योगासन को करने का अलग लाभ होता है लेकिन सूर्य नमस्कार एक ऐसी योगिक प्रकिया है, जिसमें सात आसन और बारह मुद्राएं होती हैं। इनकी विधि और इनके लाभों के बारे में जानिए।

## तन-मन में ऊर्जा का संचार करे सूर्य नमस्कार

योगिक क्रिया

संध्या रानी




सूर्य नमस्कार का अभ्यास हमारे शरीर और मन को ऊर्जा, शक्ति और स्फूर्ति से लबालब कर देता है।

**प्रणाम मुद्रा:** सीधे खड़े होकर एक गहरी श्वास-प्रश्वास लीजिए। अपने हथेलियों को प्रणाम की मुद्रा में सीने के सामने रखें। आंखों को ढीली बंद कर श्वास-प्रश्वास पर अपने मन को एकाग्र करें।

**हस्त उत्तानपाद:** प्रणाम मुद्रा के बाद श्वास अंदर को लेते हुए दोनों हाथों को सिर के ऊपर सीधा उठाते हुए धड़ को सुविधाजनक स्थिति तक पीछे झुकाएं।

**पाद हस्तासन:** दूसरी स्थिति के बाद श्वास धीरे-धीरे बाहर निकालते हुए, सिर तथा धड़ को धीरे से आगे की ओर इतना झुकाएं कि अंतिम स्थिति में हथेलियां पैरों के अगल-बगल जमीन पर आ जाए और माथा घुटने को स्पर्श करे। इस स्थिति में आने के लिए कोई जबर्दस्ती नहीं करना है। लेकिन यह ध्यान रखें कि स्लिप डिस्क, स्पॉन्डिलाइटिस, साइटिका तथा तीव्र कमर दर्द की शिकायत वाले सूर्य नमस्कार की इस अवस्था का अभ्यास न करें।

**अश्व संचालन आसन:** तीसरी अवस्था के बाद तुरंत श्वास अंदर लेते हुए दाएं पैर को पीछे ले जाएं। आगे वाले पैर को घुटने से मोड़ लें तथा पीछे वाले पैर का घुटना जमीन से स्पर्श करता है। दोनों हाथ अपने स्थान पर सीधी जमीन से लंबवत बने रहें। सिर को पीछे ले जाते हुए कमर को धनुषाकार बनाएं।

**पर्वतासन:** चौथी अवस्था के बाद श्वास बाहर निकालते हुए बाएं पैर को भी दाएं पैर के पास ले जाएं। नितंबों को भी अधिकतम सुविधाजनक स्थिति तक ऊपर उठाएं। कोशिश करें कि पैर की एड़ियां तथा तलवे जमीन को स्पर्श करें और सिर दोनों हाथों के बीच में आ जाएं। अपने श्वास को सामान्य कर लें।

**अष्टांग नमस्कार:** अब श्वास बाहर निकालते हुए हथेलियों और पैर को यथा स्थान रखते हुए पूरे शरीर को नीचे जमीन पर इस तरह ले आएं कि शरीर के आठ अंग जमीन पर रहें लेकिन छाती और घुटने के बीच का भाग जमीन से ऊपर रहे।

**भुजंगासन:** छठी अवस्था के तुरंत बाद श्वास अंदर लेते हुए हाथ के सहारे धड़ को जमीन से इतना ऊपर उठाएं कि हाथ कोहनी से सीधे हो जाए।

**पर्वतासन:** सातवीं अवस्था के तुरंत बाद सांस बाहर निकालते हुए पांचवीं अवस्था को दुहराते हुए पर्वतासन में आ जाइए।

**अश्वसंचालनासन:** पर्वतासन के तुरंत बाद श्वास अंदर लेते हुए दाएं पैर को आगे दोनों हाथों के बीच में ले आकर चौथी अवस्था अश्वसंचालनासन में आ जाएं।

**पादहस्तासन:** नौवीं अवस्था के बाद श्वास बाहर निकालते हुए बाएं पैर को भी हाथों के बीच में ले जाकर पादहस्तासन में आ जाएं।

**हस्तोतनासन:** पादहस्तासन के बाद श्वास अंदर लेते हुए दोनों हाथों को ऊपर उठाते हुए सीधे खड़े होकर धड़ को सुविधाजनक स्थिति में अधिकतम की ओर ले जाएं।

**प्राण मुद्रा:** अब श्वास को बाहर निकालते हुए दोनों हाथों को पहली अवस्था की भांति सीने के सामने प्राण मुद्रा में ले आएं।

**सावधानी:** यह सूर्य नमस्कार का आधा चक्र है। यही बारह मुद्राएं अश्वसंचालनासन आसन में बाएं पैर को पीछे की ओर ले जाकर करें। अन्य मुद्राएं समान हैं। शुरू में इसके एक या दो चक्रों के अभ्यास से ही शुरुआत करें। जैसे-जैसे आपकी क्षमता बढ़ती जाए इसके चक्रों संख्या भी बढ़ाते जाएं। महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान और गर्भावस्था में तीसरे महीने के बाद भी इसका अभ्यास नहीं करना चाहिए।

**होने वाले लाभ:** इसके अभ्यास से शरीर की सभी मांसपेशियां और नसें क्रियाशील हो जाती हैं। पाचन, खून का संचालन, श्वास-प्रश्वास प्रणाली, उत्सर्जन अंग, स्किन और सभी ग्रंथियां क्रियाशील, शक्तिशाली एवं पुष्ट होते हैं। शरीर में स्थित नाड़ी संस्थान को सक्रिय कर पूरे शरीर को संतुलित करता है। मोटापे को कम करता है। शरीर में खून के संचालन को सक्रिय कर लचीलापन बढ़ाता है। मस्तिष्क को शुद्ध खून पहुंचा कर स्मृति और धारण शक्ति को बढ़ाता है। मानसिक तनाव और भावनात्मक असंतुलन को दूर करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। *

**(योगाचार्य कौशल किशोर से बातचीत पर आधारित)**

---

योगोपचार

वेद प्रकाश आर्य

योग प्रशिक्षक

पतंजलि योग फाउंडेशन, कोलकाता

इन दिनों हाई बीपी, बैड कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) जनित हार्ट डिजीज, डायबिटीज और थायरॉइड जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां अधिसंख्य लोगों को परेशान कर रही हैं। इनकी समुचित चिकित्सा के साथ-साथ रोगानुसार आसन और प्राणायाम भी किए जाएं तो स्थिति में तेजी से सुधार हो सकता है। इन्हें नियमित किया जाए तो इनके प्रकोप से बचा भी जा सकता है।


## जीवनशैली से उत्पन्न रोगों से बचाएं ये आसन और प्राणायाम



अस्त-व्यस्त जीवनशैली और असंतुलित खान-पान से आज के दौर में हर उम्र के लोग अनेक रोगों से ग्रस्त हो रहे हैं। जीवनशैली और आहार की आदतों में सुधार के साथ अगर आप कुछ आसनों और प्राणायाम का नियमित अभ्यास करें तो इन रोगों से बचे रह सकते हैं।

### कोलेस्ट्रॉल के लिए लाभकारी योगासन

**उत्तानपादासन:** इसे रेज्ड लेग पोज भी कहा जाता है। यह पेट की चर्बी को कम करने, पाचन में सुधार करने और पीठ दर्द में राहत देने में मदद करता है। साथ ही यह कूल्हों, जांघों, पेट और पीठ की मांसपेशियों को मजबूत करने में भी मदद करता है। यह आसन आंतों को सक्रिय करके कब्ज और गैस जैसी पाचन समस्याओं में राहत देता है। इतना ही नहीं यह आसन शरीर को शांत करके तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। उत्तानपादासन एक सरल और प्रभावी आसन है।



**अर्ध मत्स्येंद्रासन:** इसे भगवान मत्स्य की अर्द्ध मुद्रा भी कहा जाता है। यह आसन रीढ़ की हड्डी को घुमाकर और पेट के अंगों को उत्तेजित करके कई लाभ प्रदान करता है। इस आसन से पाचन में सुधार, पीठ दर्द में राहत और तनाव कम होने में मदद मिलती है। यह आसन पेट के अंगों को उत्तेजित करता है, जो मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह आसन तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। साथ ही यह रक्त संचार को बेहतर बनाता है, जिससे दिमाग को अधिक ऑक्सीजन मिलती है। इसे नियमित करने से पेट के अंगों का उद्दीपन होता है, जिससे मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और वजन कम होता है। यह आसन यकृत, गुर्दे और अग्न्याशय की मालिश करता है और उन्हें उत्तेजित करता है, जिससे वे बेहतर ढंग से काम करते हैं।

### डायबिटीज में कारगर योगासन

**मंडूकासन:** यह डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद आसन है क्योंकि यह अग्न्याशय को उत्तेजित करके इंसुलिन के उत्पादन को बढ़ाता है,



जिससे ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित रहता है। यह आसन पेट के अंगों की मालिश करता है, पाचन में सुधार करता है और तनाव को कम करता है, जिससे डायबिटीज से संबंधित जटिलताएं कम होती हैं। यह आसन वसा को बर्न करने में मदद करता है, जिससे जांघों और कूल्हों पर जमी चर्बी कम होती है। मंडूकासन तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में भी मदद करता है। लेकिन पेट में कोई बीमारी या ऑपरेशन होने पर मंडूकासन करने से पहले डॉक्टर से बात करें। अगर आपको हाइपरएसीडिटी है तो भी यह आसन न करें। गर्भवती महिलाओं को भी यह आसन नहीं करना चाहिए।

**वक्रासन:** इसे स्पाइनल ट्विस्ट भी कहा जाता है, यह डायबिटीज के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह अग्न्याशय (पैंक्रियाज) को उत्तेजित करता है, जिससे इंसुलिन का उत्पादन बेहतर होता है और रक्त शर्करा का स्तर नियंत्रित रहता है। यह आसन पाचन तंत्र को भी मजबूत करता है और पेट दर्द में राहत देता है। यह पीठ दर्द और लचीलेपन में सुधार करता है। यह तनाव और चिंता को भी कम करता है।

### हाई बीपी में कारगर आसन

**शवासन:** यह बेहद आसान लेकिन अत्यंत उपयोगी आसन है जो उच्च रक्तचाप (हाई बीपी) को नियंत्रित करने और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह आसन शरीर को आराम देता है, तनाव को कम करता है, जिससे रक्तचाप प्राकृतिक रूप से कम होता है। शवासन में गहन विश्राम से रक्तचाप कम होता है और हृदय गति स्थिर रहती है। नियमित शवासन का अभ्यास हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है।



**वज्रासन:** डायमंड पोज कहा जाने वाला यह आसन, बीपी (ब्लड प्रेशर) को नियंत्रित करने में मदद करता है। यह आसन शरीर में रक्त परिसंचरण को बेहतर बनाता है, तनाव को कम करता है और पाचन में सुधार करता है। यह आसन तंत्रिका तंत्र को शांत करता है और तनाव को कम करता है, जो बीपी का एक प्रमुख कारण है। वज्रासन पाचन तंत्र को भी मजबूत बनाता है, जिससे भोजन का बेहतर पाचन होता है और यह बीपी को नियंत्रित करने में मदद करता है। यदि आपको घुटनों में दर्द या कोई स्वास्थ्य समस्या है, तो इसे करने से पहले अपने योग प्रशिक्षक से सलाह लें।

### थायरॉइड में कारगर योगासन

**हलासन:** योगासन की यह मुद्रा थायरॉइड ग्रंथि और योग के बीच के अनोखे संबंध को दर्शाती है। इस मुद्रा में, आपकी गर्दन में खिंचाव होता है, जो आपकी थायरॉइड ग्रंथियों को उत्तेजित करने में मदद करता है। हलासन विशेष रूप से हाइपोथायरॉयडिज्म वाले व्यक्तियों के लिए फायदेमंद है क्योंकि इस आसन को करने पर थायरॉइड हार्मोन स्रावित होते हैं। यदि आपको हाइपरथायरॉयडिज्म है, तो आपको हलासन करने से बचना चाहिए। थायरॉइड स्राव को विनियमित करने के अलावा, यह स्थिति पीठ और पेट की मांसपेशियों को मजबूत करती है और स्वायत्त तंत्रिका तंत्र को आराम देने में मदद करती है। हलासन को सही तरीके से करने के लिए योग प्रशिक्षक की निगरानी में ही करना चाहिए।

**सर्वांगासन:** शोल्डर स्टैंड यानी सर्वांगासन, थायरॉयड ग्रंथि पर दबाव डालकर काम करता है। इससे थायरॉयड ग्रंथि को पर्याप्त मात्रा में रक्त की



आपूर्ति होती है। सर्वांगासन रक्त को थायरॉयड ग्रंथियों में स्वतंत्र रूप से और आसानी से प्रसारित करने की अनुमति देता है। यह आसन थायरॉयड ग्रंथि में रक्त के स्राव के साथ हाइपोथायरॉयडिज्म के लक्षणों को रिवर्स करने में मदद करता है।

**ध्यान दें:** यहां बताए गए किसी भी आसन या प्राणायाम का अभ्यास करने से पहले, किसी अनुभवी योग प्रशिक्षक से सलाह अवश्य लें। *

**प्रस्तुति: शिखर चंद जैन**

### प्राणायाम भी हैं लाभकारी



**बीपी, थायरॉइड,** डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद के लिए कई प्राणायाम भी उपयोगी हो सकते हैं, जैसे कपालभाति, उज्जाई और नाड़ी शोधन प्राणायाम।

**कपालभाति:** यह प्राणायाम फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाता है और शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। यह ब्लड सर्कुलेशन को भी बेहतर बनाता है, जिससे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है। लेकिन इसमें 1 मिनट में अधिकतम 40 स्ट्रोक्स ही करने चाहिए वरना बीपी हाई हो सकता है। यह 5 मिनट से शुरू करके 20 मिनट तक किया जा सकता है।

**अनुलोम-विलोम:** यह लगभग हर प्रकार की लाइफस्टाइल डिजीज में फायदेमंद होता है। सावधानी यह बरतनी चाहिए कि ग्रीष्म ऋतु में बाएं नाक से और शीत ऋतु में दाहिने नाक से इसे किया जाए। कम से कम 10 मिनट और अधिकतम 20 या 25 मिनट इसे करें। एक मिनट में 6 स्ट्रोक्स का ही चक्र पूरा करें।

**उज्जाई प्राणायाम:** उज्जाई प्राणायाम रक्तचाप को कम करने में मदद करता है और तनाव को कम करने में भी सहायक है।

**नाड़ी शोधन प्राणायाम:** यह प्राणायाम शरीर को शांत करता है और थायरॉइड को नियंत्रित करने में मदद करता है।

**भ्रामरी प्राणायाम:** भ्रामरी प्राणायाम तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है, जिससे बीपी और ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

---

प्रभाव

अंजू जैन

योगासन और ध्यान की महत्ता को अनेक देशों के वैज्ञानिक और डॉक्टर्स स्वीकार करते हैं। कई शोध बताते हैं कि इससे सिर्फ शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को भी बहुत लाभ होता है। इस बारे में जानिए।

## मानसिक-आध्यात्मिक स्वास्थ्य सुधारता है योगासन और ध्यान


वास्तव में योग एक प्राचीन भारतीय अभ्यास है, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को संवारता है। यह आसन, प्राणायाम, ध्यान और अन्य तकनीकों का एक संयोजन है, जो शरीर और मन को एक साथ जोड़कर एक संतुलन बनाता है। योग का अर्थ है 'जुड़ना।' यह व्यक्तिगत चेतना को सार्वभौमिक चेतना से जोड़ता है। इसके अभ्यास से मन और शरीर के बीच सामंजस्य बैठाना, तनाव और चिंता कम करना और ऊर्जा में वृद्धि करना संभव है।

**कई तरह से लाभकारी:** हार्वर्ड हेल्थ पब्लिशिंग में प्रकाशित शोध से यह पता चलता है कि योगासन और ध्यान से कई मानसिक कार्यों के एग्जीक्यूशन में सुधार कर सकते हैं, जैसे तर्क, निर्णय लेने की क्षमता, स्मृति, सीखना, प्रतिक्रिया का समय और मानसिक तीक्ष्णता के परीक्षणों में सटीकता। कुछ शोधकर्ताओं का कहना है कि यह पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर से पीड़ित लोगों को उनके लक्षणों से निपटने में मदद करने का एक प्रभावी तरीका हो सकता है। नियमित योग करने से ब्रेन का ग्रे मैटर बढ़ता है और मस्तिष्क में मौजूद न्यूरॉन्स के नेटवर्क में पॉजिटिव बदलाव आता है। अध्ययनों से पता चलता है कि योग सहनशक्ति और शारीरिक-मानसिक स्फूर्ति में सुधार करता है। मिर्गी के रोगियों में, योग का अभ्यास करने से दौरे की संख्या में काफी कमी देखी गई है, यहां तक कि उन्हें पूरी तरह से रोका भी जा सकता है। ब्रिटेन में कार्डिफ यूनिवर्सिटी ब्रेन रिसर्च इमेजिंग सेंटर (क्यूब्रिक) की कॉग्निटिव नर्व साइंटिस्ट क्लाउडिया मेट्जलर-बैडेली का कहना है कि योग आपको लंबे समय तक स्वस्थ जीवन जीने में भी मदद कर सकता है। योग मस्तिष्क की बनावट को भी बदल देता है। अध्ययनों से पता चलता है कि योग का अभ्यास करने से ब्रेन का हिप्पोकैंपस, एमिग्डाला, प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स, सिंगुलेट कॉर्टेक्स और मस्तिष्क नेटवर्क सहित मस्तिष्क के कुछ हिस्सों की संरचना और कार्य दोनों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कुछ शोधकर्ताओं का कहना है कि इसमें उम्र से संबंधित और न्यूरोडीजेनेरेटिव गिरावट को कम करने की क्षमता है।

कई अध्ययनों से पता चला है कि योग से मस्तिष्क में गामा-अमीनोब्यूटिरिक एसिड (गाबा) का स्तर बढ़ता पाया गया है। यह न्यूरोट्रांसमीटर तंत्रिका कोशिकाओं की रासायनिक संदेश प्राप्त करने और भेजने की क्षमता को अवरुद्ध करके मस्तिष्क की गतिविधि को धीमा कर देता है।

शोधकर्ताओं ने पाया है कि जो लोग योग और ध्यान का अभ्यास करते हैं, उनमें साइटोकाइंस के उत्पादन में कमी देखी जाती है और इस प्रकार सूजन से संबंधित बीमारियों और स्थितियों के जोखिम में भी कमी आती है। अध्ययनों से पता चलता है कि योग अवसाद को कम कर सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि योग अन्य उपचारों, जैसे दवा और मनोचिकित्सा के बराबर है।

**ध्यान:** यह एक अभ्यास है, जिसमें व्यक्ति अपने मन को एकाग्र और शांत करने के लिए शारीरिक और मानसिक तकनीकों का उपयोग करता है। यह ध्यान और जागरूकता को प्रशिक्षित करने की एक तकनीक है। ध्यान में, व्यक्ति को किसी एक वस्तु, ध्वनि, या विचार पर ध्यान केंद्रित करना होता है, ताकि मन को भटकने से रोका जा सके। ध्यान का अभ्यास करने से मानसिक शांति, भावनात्मक जागरूकता और तनाव कम करने में मदद मिलती है। ध्यान की कई अलग-अलग तकनीकें हैं, जैसे कि सांस पर ध्यान केंद्रित करना, मंत्रों का जप करना या किसी वस्तु पर ध्यान केंद्रित करना। ध्यान का अभ्यास नियमित रूप से करने से व्यक्ति को तनाव कम करने, मानसिक शांति प्राप्त करने और अपने बारे में अधिक जागरूकता प्राप्त करने में मदद मिलती है।



**ध्यान के फायदे:** यद्यपि ध्यान तनाव और चिंता को कम करने की एक तकनीक के रूप में जाना जाता है, यह आपके मूड को बेहतर बनाने, स्वस्थ नींद पैटर्न को बढ़ावा देने और संज्ञानात्मक कौशल को बढ़ाने में भी मदद कर सकता है। इसका इस्तेमाल खुद के और अपने आस-पास के माहौल के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कर सकते हैं। स्मृति हानि वाले लोगों में यह न्यूरोसाइकोलॉजिकल परीक्षणों में प्रदर्शन को बेहतर बनाता है।

अध्ययनों और शोध से पता चलता है कि ध्यान, तनाव से प्रभावित कुछ स्थितियों के लक्षणों में भी सुधार कर सकता है, जिनमें शामिल हैं- किसी आकस्मिक हादसे, नुकसान या प्रियजन को खोने के बाद का तनाव विकार आदि। स्टडी में पाया गया है कि माइंडफुलनेस मेडिटेशन करने से सामान्यीकृत चिंता विकार वाले लोगों में चिंता के लक्षणों को कम करने में मदद मिली, साथ ही सकारात्मक अफर्मेशन में वृद्धि हुई और तनाव प्रतिक्रिया और मुकाबला करने में सुधार हुआ। 3,500 से अधिक वयस्कों को दिए गए उपचारों में पाया गया कि माइंडफुलनेस मेडिटेशन से अवसाद के लक्षणों में सुधार हुआ।

प्रतिदिन थोड़ी देर के लिए ध्यान करने से भी आपको लाभ हो सकता है। इस पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि प्रतिदिन मात्र 13 मिनट ध्यान करने से 8 सप्ताह में ध्यान और स्मरण शक्ति में वृद्धि हुई। *

---

## योग से होता है हमारा तन-मन शांत-ऊर्जावान

आम लोग ही नहीं कई सेलिब्रिटीज भी योग का नियमित अभ्यास करते हैं। योगासन और ध्यान करने से क्या फायदे होते हैं, उनका योगा रूटीन क्या है, बता रहे हैं कुछ टीवी एक्टर्स अपनी जुबानी।

स्टार्स फिटनेस



### बैलेंस बनाने में मदद करता है योग: अभिषेक शर्मा

**जी टीवी** पर टेलिकास्ट हो रहे शो 'वसुधा' में देवांश का किरदार निभाने वाले अभिषेक शर्मा योग की अपनी लाइफ में महत्ता के बारे में बताते हैं, 'मैं बचपन में ही योग से जुड़ गया था। मुझे आज भी याद है, मेरी दादी हर सुबह प्राणायाम करती थीं। वो आंखें बंद करके बिल्कुल शांत बैठती थीं और धीरे-धीरे सांस लेती थीं। तब तो समझ नहीं आता था, लेकिन आज लगता है कि वही मेरा पहला परिचय था योगासन और ध्यान से। अब जब मैं एक्टिंग प्रोफेशन में हूं और रोज नए-नए किरदार निभाने होते हैं, तो योग मेरे लिए बहुत बड़ा सहारा होता है। इससे दिमाग शांत हो जाता है और हर सीन में बेहतर ढंग से परफॉर्म कर पाता हूं। यह सिर्फ शरीर को लचीला या फिट रखने का तरीका नहीं है, बल्कि मन को शांत करने और सोच को साफ करने का जरिया भी है। योग करने से मेरी नींद बेहतर हो गई है, इम्यूनिटी बढ़ी है और सबसे बड़ी बात यह कि अब मैं खुद को बेहतर समझने लगा हूं। इसका असर मेरे काम पर भी दिखता है। योग मुझे बैलेंस बनाए रखने में मदद करता है। सच कहूं तो योग ने सिर्फ मेरी बॉडी को नहीं, मेरी सोच और जिंदगी जीने का नजरिया बदल दिया है।' *



### योग से दूर होते हैं थकान-तनाव: आदित्य रेडीज

**सोनी सब** चैनल पर आ रहे शो 'तेनाली रामा' में राजा कृष्ण देव राय की भूमिका में नजर आ रहे आदित्य रेडीज योग के बारे में कहते हैं, 'हमारा एक्टिंग प्रोफेशन, अपने साथ कई तरह की चुनौतियां लेकर आता है, जैसे लंबे काम के घंटे, जो अकसर थकान और मानसिक तनाव का कारण बनते हैं। ऐसे समय में मुझे योग बहुत मदद करता है। यह सिर्फ शारीरिक लचीलापन नहीं लाता है, बल्कि मन को रीसेट करने की जगह देने और शांत करने का एक माध्यम भी है। थोड़ी देर का भी योगाभ्यास या श्वास-प्रश्वास की क्रिया, थकान और तनाव से हमें शांति दिलाती है। हालांकि, जो मुझे वास्तव में संतुलित रखता है, वह है डेली अच्छी नींद। इसीलिए मैं इसे अपनी प्राथमिकता बनाकर रखता हूं, क्योंकि यही मुझे मानसिक और शारीरिक रूप से सबसे अच्छा प्रदर्शन करने में मदद करती है। योग करने से मुझे नींद भी अच्छी आती है।' *

### योग से मैं ऊर्जावान महसूस करता हूं: आसिफ शेख

**इन दिनों** एंड टीवी पर आ रहे शो 'भाबीजी घर पर हैं' में विभूति नारायण मिश्रा का रोल निभाने वाले आसिफ शेख बताते हैं, 'योग मेरी जिंदगी में बहुत बड़ा बदलाव लाया है। यह सिर्फ एक एक्सरसाइज नहीं है, बल्कि जीवनशैली है। इससे मेरा तन और मन दोनों शांत रहते हैं। शूटिंग के लंबे घंटे और तनाव भरे



शेड्यूल के बावजूद मैं अंदर से संतुलित और ऊर्जावान महसूस करता हूं। हालांकि मेरे शूटिंग शेड्यूल की वजह से रेग्युलर टाइम पर योग करना थोड़ा मुश्किल होता है, लेकिन मैं जहां भी मौका मिलता है, वहां योग कर ही लेता हूं। इससे मुझे बहुत रिलैक्स महसूस होता है और मैं दिनभर फिट बना रहता हूं। मेरे दिन की शुरुआत का सबसे जरूरी हिस्सा पद्मासन है। जब मैं इस आसन में बैठता हूं, तो ऐसा लगता है मानो पूरा शरीर स्थिर हो गया है और मन एकदम शांत हो गया है। यह स्थिति मुझे अपने अंदर झांकने का अवसर देती है। जैसे ही मैं पद्मासन में बैठकर आंखें बंद करता हूं और कुछ गहरी सांसें लेता हूं, एक अलग ही शांति महसूस होती है। ध्यान करने से मुझे सिर्फ मानसिक स्पष्टता ही नहीं मिलती, बल्कि यह मुझे मेरे काम पर भी बेहतर फोकस करने में मदद करता है। कई बार जब मैं थका हुआ होता हूं या मानसिक रूप से तनाव महसूस करता हूं, तब कुछ मिनटों का ध्यान मुझे बिल्कुल तरोताजा कर देता है। इसके अलावा प्राणायाम भी करता हूं, जिससे मेरी सांसें नियंत्रित रहती हैं और मानसिक स्पष्टता बनी रहती है।' *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

## खबर संक्षेप

### अवैध वसूली करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना पुलिस ने ई-रिक्शा चालक से एंट्री के नाम से अवैध वसूली करने की वारदात में शामिल दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राकेश व निशांत उर्फ हन्नी निवासी खेवड़ा के है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उत्तर प्रदेश बड़ौत निवासी शहजाद ने गत 17 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह मेट्रो रिक्शा को लेकर बहालगढ़ से बड़ौत जा रहा था। वह खेवड़ा पुल से नीचे उतरा तो दो लड़कों ने सड़क पर आकर उसे रुकवा लिया। उसके बाद कहने लगे कि अगर यूपी से आकर बहालगढ़ हरियाणा से सवारी भरकर लेकर जाते हो तो तुम्हारे कारण धंधा चौपट हो रहा है।

### दो स्थानों से दोपहिया वाहन चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** सदर थाना सोनीपत व कुंडली थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से दोपहिया वाहनों के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। संबंधित थाना पुलिस ने मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव से नियाणा हिसार निवासी भूपेंद्र ने बताया कि हाल में सेरसा में रहता है। वह कंपनी में बतौर मार्केटिंग कर्मचारी के रूप में काम करता है। भूपेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह औद्योगिक क्षेत्र स्थित कंपनी के कार्यालय पर गया था। बाइक को कार्यालय के बाहर खड़ा किया था। कुछ देर बाद जब वापस आया तो बाइक वहां पर नहीं मिली।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम का बीईओ ने किया निरीक्षण

**सोनीपत।** अंतर जिला प्राथमिक शिक्षकों के एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे चरण में राजकीय वमावि गढी ब्राह्मण में आज खंड शिक्षा अधिकारी सोनीपत सूरजभान और कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अतुल कुमार द्वारा निरीक्षण किया । सभी प्रतिभागियों से प्रशिक्षण संबंधी बातचीत की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन मुख्य प्रशिक्षक मोनिका दहिया, संजीव, ममता ने हिंदी विषय में पठन एवं डिकोडिंग पर कार्य कैसे किया जाना है के बारे में सभी प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी दी। वहीं प्रशिक्षक सुनीता, मनोज कुंडू, मंजू, परमजीत ने लेखन कार्य को प्राथमिक विद्यालयों में किस प्रकार दुरुस्त किया जाएगा के बारे में निर्देश दिए।

### कुलगुरु ने किया परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण



**सोनीपत ।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, मुरथल के कुलगुरु प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। कुलगुरु ने आवश्यक दिशा निर्देश देते कहा कि परीक्षार्थियों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। कुलगुरु अचानक निरीक्षण केंद्रों में पहुंच गए। संबंधित निरीक्षकों एवं अधीक्षकों से भी बातचीत की और निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी तरह से पारदर्शिता पूर्वक हो और यह सुनिश्चित करे कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।

---

### योग मैराथन में दौडे युवा, सीटीएम ने दिखाई हरी झंडी

# लड़कियों में भारती-मुस्कान व नीलम ने पाया अव्वल स्थान

***आयोजित योग मैराथन में तीन वर्ग बनाए गए थे***

**मैराथन में स्कूली बच्चे, खिलाड़ी, आमजन तथा आयुष व खेल विभाग के कर्मचारी शामिल रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला को योग युक्त, नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को आयोजित योग मैराथन में जिला के युवा दौड़े, जिसमें स्कूली बच्चे, खिलाड़ी, आमजन तथा आयुष व खेल विभाग के कर्मचारी शामिल रहे। इस दौरान मुख्यातिथि के तौर पर पहुंची नगराधीश डॉ. अनमोल ने लघु सचिवालय से योग मैराथन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान नगराधीश ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते कहा कि 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम 21 जून (शनिवार) को सुबह 6.00 बजे जटवाड़ा स्थित खिज्र मकबरा में आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राम अवतार सिंह, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, आयुष विभाग से वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा सहित आयुष व खेल विभाग के कर्मचारी व गणमान्य व्यक्ति व युवा मौजूद रहे। तीन वर्ग में घोषित किए गए विजेताः बुधवार को आयोजित योग मैराथन में तीन वर्ग बनाए गए थे, जिसमें पहला वर्ग 15 वर्ष तक के बच्चों का था, दूसरा वर्ग 15 से 30 साल तक के युवाओं तथा तीसरा वर्ग 30 साल से अधिक उम्र के व्यक्तियों के लिए था। इस दौरान पहले वर्ग के लड़कों में नैतिक, लड़कियों में भारती, दूसरे वर्ग के लड़कों में आयुष, लड़कियों में मुस्कान, 30 साल से अधिक आयु वर्ग की लड़कियों में नीलम, लड़कों में रिंकु प्रथम स्थान पर रहे। इस दौरान नगराधीश डॉ. अनमोल ने विजेताओं को सम्मानित किया।



**सोनीपत।** नगराधीश डॉ. अनमोल और अन्य अधिकारी मैराथन को हरी झंडी दिखाती हुई। *फोटो :हरिभूमि*

### सिलाना योगशाला में योग प्रोटोकॉल लाइव कार्यक्रम

**खरखौदा।** हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में बुधवार को सिलाना योग शाला में 21 जून के उपलक्ष में योग प्रोटोकॉल का फेसबुक लाइव कार्यक्रम किया गया। जिसमें गांव के बुजुर्ग बच्चों और महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी मास्टर बलराज और सिलाना सरपंच बलवान सिंह, समाजसेवी शमशेर सिंह दहिया मौजूद रहे। कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों को योग के बारे में जागरूक किया गया और योग का महत्व बताया गया। डॉ सतीश भोला की अगुवाई में कार्यक्रम में शामिल लोगों को एक-एक पौधा दिया गया और एक पौधा माँ के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर डॉ जितेश, डॉ हिमानी, राई, गोहाना, सोनीपत और खरखौदा के योग सहायक मौजूद रहे।

---

# नपा ने शहर में लगे अवैध होर्डिंग को हटाने के लिए चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नगरपालिका ने अभियान चलाकर शहर के मुख्य चौराहे, सड़कों और बिजली के खंभों से अवैध होर्डिंग्स हटाए। अधिकांश होर्डिंग निजी संस्थानों, राजनीतिक पार्टियों व शैक्षणिक संस्थानों से संबंधित थे। नपा अधिकारियों ने शहर के नगरपालिका रोड व रेलवे रोड पर लगे सभी होर्डिंग्स को उतरवा कर जब्त कर लिया। नपा सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि होर्डिंग हटाओ अभियान के दौरान मुख्यतः बिजली के खंभों पर लगे होर्डिंग, मुख्य चौराहे और सड़कों पर मौजूद होर्डिंग्स को भी हटवाया गया। उन्होंने बताया कि कुछ राजनेता, शैक्षणिक व निजी संस्थान भी अवैध रूप से होर्डिंग लगाकर नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। बिजली के पोल पर अधिकांश संख्या में होर्डिंग लगाए जा रहे हैं, जो नियम के खिलाफ है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अवैध रूप से शहर में होर्डिंग न लगवाएं अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



**गन्नौर।** शहर में लगे अवैध होर्डिंग को होर्डिंग को हटाते नपा के कर्मचारी।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी नरेंद्र भुटानी को सम्मानित करते हुए।

### समारोह में 150 रक्तवीर सम्मानित किए

**सोनीपत।** यूनिक मॉल में जिला रक्तवीर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान 115बार के रक्तदाता नरेंद्र भुटानी का जन्मदिन मनाते हुए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस मौके पर 50 बार से अधिक रक्तदान करने वाले पुरुष और 5 बार से अधिक रक्तदान करने वाली महिला तथा एक बार से अधिक रक्तदान करने वाले दिव्यांग को सम्मानित किया गया। इस दौरान 100 के करीब पुरुष, 30 के करीब महिलाएं और 20 के करीब दिव्यांगों को सम्मानित किया गया। इनमें खरखौदा क्षेत्र के पारुल दहिया (सिसाना), धर्मवीर दहिया (झरोठी), धम्मल फ़ौजी, राकेश कुमार (सिसाना), कमांडो आशीष दहिया (सिसाना), जोगिंद्र दहिया (नाहरी), नवीन (खांडा), दया दहिया भी शामिल रहे।

### घर से हजारों की राशि जेवरात चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र में स्थित घर से लाखों रुपये कीमत के जेवरात व हजारों रुपये की राशि के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। सेक्टर-23 स्थित एचबीसी निवासी पवित्रा ने बताया कि वह अपनी बेटी के साथ मकान में रहती है। उसके पति कनाडा में रहते है। वह गत आठ जून को अपने मकान पर ताला लगाकर बेटी के साथ ससुराल गोहाना चली गई। जब वह वापस घर पहुंची। घर पर लगा ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर सामान की जांच की तो अलमारी का सारा सामान बिखरा हुआ मिला। जिसमें तीन सोने की चेन, तीन सोने की अंगूठी, एक मंगलसूत्र, 15 तोले चांदी, व 55 हजार रुपये की राशि गायब मिली।

---

# छात्रा रिया ने विश्वविद्यालय स्तर पर हासिल किया द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम कालेज ऑफ फार्मेसी की छात्रा रिया ने बी. फार्मेसी के द्वितीय सैमेस्टर में 86.75 % अंक लेकर विवि स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल किया है। रिया सहित कालेज की कुल छात्राओं ने विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में नाम दर्ज करवाया है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रितु कटारिया ने विश्वविद्यालय स्तर पर कालेज का नाम रोशन करने वाली सभी छात्राओं को बधाई दी है प्राचार्या ने जानकारी दी कि विश्वविद्यालय स्तर पर जीवीएम फार्मेसी की चार अन्य छात्राओं तनुश्री ने विवि स्तर पर 10वां, तमन्ना ने 13वां व कनुप्रिया ने 18वां स्थान और पायल ने 19वां स्थान हासिल किया। बेहतरीन परीक्षा परिणाम प्राप्त करने पर संस्था के कोषाध्यक्ष राजेश रेलन ने भी छात्राओं को बधाई दी।



**सोनीपत।** विवि स्तर पर द्वितीय आने वाली छात्रा रिया के साथ प्रधान एवं अन्य।

### खंभे को हटाने को लेकर तकरार मारपीट में बदली

**खरखौदा।** गांव बरोणा में बिजली के खंभे को हटाने को लेकर तकरार मारपीट में बदल गयी और घायल पक्ष पर अस्पताल में भी हमला हुआ। किसान सतीश ने थाने में शिकायत दी है। उनका कहना है कि बिजली कर्मी उसके घर के बाहर लगे खंभे से मीटर बाहर निकाल रहे थे। तभी पड़ोसी रिंकू व बीरे वहां पहुंचे और खंभा उखाड़ने को कहकर झगड़ पड़े। विरोध करने पर रिंकू, बीरे व उसके बेटे हरदीप ने लाठी-डंडों से उस पर व उसके भाई पर हमला कर दिया। सतीश का कहना है कि परिवार सदस्य उसे व उसके बेटे को घायल होने पर इलाज के लिए खरखौदा के सरकारी अस्पताल में लेकर पहुंचे, लेकिन विरोधी पक्ष लगभग तीस लोगों के साथ वहां भी पहुंच गया। पीड़ित का आरोप है कि सीटू, दिनेश, काला, सुमित, मुकेश, राहुल, विपिन व अन्य ने वार्ड के भीतर फिर हमला कर दो मोबाइल छीन लिये और मारपीट की। अस्पताल कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर किसी तरह स्थिति नियंत्रित की। सतीश की शिकायत पर पुलिस ने एक महिला सहित दस लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जबकि इसी मामले में दूसरे पक्ष की तरफ से भी इस पक्ष के खिलाफ केस दर्ज करवाया है।

# देश जल्द विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा : बिजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने बुधवार को हलका बरोदा के गांव भंडेरी में जनसभा को संबोधित किया। यह कार्यक्रम भाजपा के संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत आयोजित किया गया। बिजेंद्र मलिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व में भारत की शान को बढ़ाने का काम किया है। भाजपा शासनकाल में भारत विश्व की 11वीं से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। अब वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व की तीसरे नंबर की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। हम सामरिक दृष्टि से इतने मजबूत हैं कि हमारी बहादुर सेना ने पाकिस्तान को मात्र 4 दिन में ही नाक रगड़वाने का काम किया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अमरूद का पौधा लगाने का काम किया। जनसभा में डॉ. राममेहर राठी, महेंद्र चिड़ाना, कथूरा मंडल के अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, वजीर नरवाल, प्रदीप मलिक, अशोक सैन, जसबीर, सत्यवान आर्य, देवेंद्रमलिक, विक्रम छिछड़ाना, संजय जांगड़ा, पूर्व सरपंच धर्मवीर व अनिल खरब मौजूद रहे।



**गोहाना।** जनसभा को संबोधित करते बिजेंद्र मलिक। *फोटो : हरिभूमि*

---

# निजी सिक्योरिटी द्वारा छात्रों से मारपीट दुर्भाग्यपूर्णः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी (माकपा) के जिला सचिव आनंद शर्मा ने प्रेस बयान जारी करते कहा कि एचएयू हिसार में छात्रों पर निजी सिक्योरिटी द्वारा की मारपीट, लाठी चार्ज दुर्भाग्यपूर्ण है। पिछले लंबे समय से छात्रों की मांगों को अनदेखा किया जा रहा है, बातचीत के माध्यम से छात्रों की समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए, लेकिन शांतिप्रिय चल रहे आंदोलन पर एचएयू प्रशासन एवं एचएयू हिसार की सिक्योरिटी द्वारा लाठियों से छात्र और छात्राओं को



पीटना संविधान की अवहेलना के साथ-साथ लोकतंत्र की हत्या है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। सरकार से मांग कि तुरंत प्रभाव से एचएयू हिसार में जायज और एवं न्यायोचित मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे छात्र-छात्राओं से बातचीत का रास्ता निकाला जाए। लाठी चार्ज करवाने वालों, लाठियां मारने वाले दोषियों को गिरफ्तार किया जाए, वरना कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी भी छात्रों के आंदोलन में शामिल होगी।

# चल रहे युद्धों के विरोध में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

■ सड़क पर उतरे जन संघर्ष मंच के कार्यकर्ता, आम लोगों को निशाना बनाने की निंदा की

जन संघर्ष मंच हरियाणा ने विश्व में कई देशों में चल रहे युद्धों के विरोध में मंगलवार को गोहाना में प्रदर्शन किया और जुलूस निकाला। मंच के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने युद्धों को बंद करने और आम लोगों को रोजगार व रोटी देने की मांग की। युद्धों में नागरिक बस्तियों, अस्पतालों व स्कूलों को निशाना बनाए जाने पर निंदा की। जुलूस समता चौक से पुराना बस स्टैंड और बलिदानी भगत सिंह चौक तक निकाला गया। मंच के प्रांतीय सलाहकार डॉ. सीडी शर्मा ने कहा कि वर्तमान में विश्व भर में लगभग 40 देशों के बीच युद्ध चल रहे हैं, जिनके चलते हर रोज हजारों निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं। ये युद्ध पूंजीवादी और साम्राज्यवादी हैं। दुनिया को जान बूझकर विश्व युद्ध की तरफ धकेले जा रहा है ताकि दुनिया के बड़े-बड़े युद्धक सामग्री बनाने वाले पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाया जा सके। दुनिया को युद्ध में भारी कीमत चुकानी पड़ती है। युद्धों में 90 फीसदी आम जनता ही मारी जाती है और जो मिलिट्री के जवान बलिदान होते हैं वे भी आम मजदूर और किसानों के बच्चे ही होते हैं। रूस और यूक्रेन का युद्ध 2021 से चल रहा है, जिसमें लाखों लोग मारे गए या घायल हुए हैं। इजरायल भी 2023 से गाजा पट्टी पर नरसंहार किए जा रहा है जिसमें हजारों लोग मारे जा चुके हैं और बहुत ज्यादा घायल हुए हैं। इनमे ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। अब इजराइल और ईरान के बीच भी युद्ध शुरू हो चुका है। इजराइल जानबूझकर अमेरिका की मदद से कूटनीति के तहत ईरान को युद्ध करने के लिए मजबूर कर रहा है। इजराइल द्वारा अंतरराष्ट्रीय कानून की अवहेलना करते हुए नागरिक बस्तियों व अस्पताल स्कूलों को निशाना बनाया जा रहा है। राहत सामग्री गाजा में जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने नहीं दी जा रही। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय भी नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुका है।



**सोनीपत।** पुलिस टीम ,बरामद नकदी व आभूषण व गिरफ्तार आरोपित।

### नकदी व चेन चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में स्थित प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय से लाखों रुपये की राशि चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गि रफ्तार आरोपित अमित उर्फ प्रेम निवासी चनौरा नेपाल का है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी की नकदी, सोने की चेन व लॉकेट बरामद किया है। आरोपित को अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। माडल टाउन निवासी प्रदीप सहरावत ने बताया कि वह प्रॉपर्टी का काम करता है। उसके मॉडल टाउन में कार्यालय बना रखा है। उसे कार्यालय पर काम करने वाले की आवश्यकता थी। जींद के रहने उनके दोस्त ने नेपाल के जिला काठमांडू के गांव धनगढ़ी के रहने वाले प्रेम को उनके पास काम के लिए भेजा था। वह कार्यालय में चाय बनाने के साथ ही साफ-सफाई का काम भी करता था। प्रदीप का कहना है कि वह रविवार को ऑफिस पर पहुंचे तो ऑफिस बंद मिला। जिसके बाद प्रेम को कई बार फोन किया तो मोबाइल बंद मिला। सीसीटीवी की जांच की तो प्रेम आफिस बंद कर गाड़ी में बैठ कर जाता दिखाई दिया।

---

**बैठक** | कुरुक्षेत्र में धूमधाम से मनेगा राज्यस्तरीय योग समारोह

# समारोह में पहुंचने के लिए पतंजलि योग समिति उपलब्ध करवाएगी निःशुल्क बस सेवाः पंकज

***नगर परिषद पार्क में पतंजलि योग समिति गोहाना इकाई की बैठक हुई***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बुधवार को शहर में जींद मार्ग स्थित नगर परिषद पार्क में पतंजलि योग समिति गोहाना इकाई की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता इकाई प्रभारी पंकज जैन ने की। जैन ने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में राज्यस्तरीय समारोह आयोजित होगा। यह समारोह बहुत ही भव्य होगा जिसे धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्यस्तरीय योग समारोह में पतंजलि योग समिति की गोहाना इकाई भी शामिल होगी। समारोह में पहुंचने के लिए हरियाणा रोडवेज एक बस समिति को उपलब्ध करवाएगी। प्रभारी पंकज जैन ने जनसामान्य से अपील की कि जो भी योग साधक कुरुक्षेत्र जाना चाहते हैं उनके लिए बस फ्री सेवा उपलब्ध रहेगी। यह बस सेक्टर-7 स्थित परशुराम आश्रम के सामने से 21 जून को प्रातः 2 बजे कुरुक्षेत्र के लिए रवाना होगी। समिति ने यात्रियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई है। बैठक में योगाचार्य डॉ. सुरेश सैनी, सुभाष सहरावत, सुरेश पांचाल, कृष्ण गोपाल बतरा, विजय चौहान और हिमांशु जैन उपस्थित रहे।



**गोहाना।** बैठक में विचारविमर्श करते हुए समिति के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

# शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अभी आवेदन का अवसर : प्रदीप राठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) व वंचित समूहों के बच्चों को निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों में दाखिला दिलाने की प्रक्रिया के तहत अभिभावकों से एक बार फिर से आवेदन मांगे हैं। जो अभिभावक पहले आवेदन कर चुके हैं, उन्हें भी एक बार फिर से आनलाइन पोर्टल पर आवेदन करना होगा। 13 जून से 23 जून तक आवेदन प्रक्रिया उज्ज्वल एडमिशन पोर्टल पर जारी रहेगी। खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राठी के अनुसार इस बार आवेदन प्रक्रिया में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। विभाग द्वारा जारी संदेश के अनुसार, अब आवेदन केवल उन्हीं बच्चों के लिए मान्य होंगे जो संशोधित आयु सीमा और नई दूरी आधारित पात्रता के अंतर्गत आते हैं। इससे पहले जो भी आवेदन किए गए थे, वे अब मान्य नहीं होंगे। ऐसे में सभी अभिभावकों को सलाह दी गई है कि वे दोबारा से नए सिरे से आवेदन करें।-क्या हुआ है बदलावः पूर्व में आयु सीमा और स्कूल से दूरी जैसे मानकों पर स्पष्टता नहीं थी, लेकिन अब यह तय कर दिया गया है कि स्कूलों का चयन 0 से 1 किलोमीटर और 1 से 3 किलोमीटर की दूरी के आधार पर किया जाएगा। साथ ही आयु मापदंड भी विभाग द्वारा स्वीकृत किए जा चुके हैं।

**ग्राम पंचायत, मिर्जापुर खेड़ी**
**खंड कथूरा, तह. गोहाना (सोनीपत)**
**मो.नं. 8222021220**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मिर्जापुर खेड़ी खंड कथूरा जिला सोनीपत की शामलात भूमि की कृषि-काश्त हेतु वर्ष 2025-26 एक वर्ष के लिए बोली दिनांक 20.06.2025 को प्रातः 10 बजे ग्राम के पंचायत घर में की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति मौके पर बोली दे सकता है। नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

**हस्ता/-सरपंच**
**ग्राम पंचायत, मिर्जापुर खेड़ी**
**तह. गोहाना (सोनीपत)**

## खबर संक्षेप

### सिसाना की महिला के बस में आभूषण चोरी

**खरखौदा।** क्षेत्र में चलने वाली बसों में चोर सक्रिय हैं और जेवरों को निशाना बना रहे हैं। गत 11 जून को खरखौदा से बहादुरगढ़ जाने वाली निजी बस में बैठी रोहणा गांव की महिला के करीब 10 लाख रुपये के गहने चोरी हुए थे। वहीं अब सिसाना गांव के एक व्यक्ति ने उसकी पत्नी के बस में से जेवर चोरी होने का केस दर्ज करवाया है। सिसाना-2 के रहने वाले नवीन कुमार का कहना है कि सात जून को उसकी पत्नी सिसाना से सोनीपत जाने के लिए निजी बस में बैठी थी। जब उसने खरखौदा जाकर बैग संभाला तो उसमें से दो छोटे पर्स गायब थे। पर्स में सोने की चैन, लोकेट सहित कई अन्य जेवर व आठ हजार रुपये की नकदी थी।

### मारपीट मामले में आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना पुलिस ने रास्ता रोककर डंडों से मारपीट करके घायल करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रमन निवासी गांव चौहान जोशी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गांव चौहान जोशी निवासी राजकिशन ने दो मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह गत 29 अप्रैल को रात करीब साढ़े नौ बजे डीजे पर गाना चलाए हुए थे। गानों को लेकर कुछ लड़कों के साथ कहासुनी व हाथापाई हो गई। एक मई को करीब साढ़े सात बजे वह दावत राइस मिल की तरफ जा रहा था। उसी दौरान बाइकों पर आए लड़कों ने उसका रास्ता रोककर मारपीट की। उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। मामले में पुलिस ने आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर था। पुलिस ने वारदात में शामिल नाबालिग सहित चार आरोपितो को पहले काबू कर लिया था।



### दिव्यांगजनों को भेंट की 70 ट्राई-साइकिल

**सोनीपत।** हेबीटेट क्लब में बुधवार को रैडक्रॉस सोसाइटी द्वारा इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड व एल्मिको के सहयोग से 70 दिव्यांग जनों को ट्राई-साइकिल व अन्य सहायक उपकरण वितरण किए गए। समारोह में अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन व मुख्य महाप्रबंधक (निर्माण) न्यू एमपीपीएल जयपुर ललित मनराल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने कहा कि ट्राई-साइकिल वितरण से सभी दिव्यांग जनों को आवागमन में सुविधा रहेगी। अब वो बिना किसी रूकावट के एक स्थान से दूसरे स्थान पर आ जा सकते है। इस अवसर पर एसीयुटी योगेश दिल्हौर, जेके रॉय, रेडक्रॉस सचिव गौरव व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## कर्मचारियों ने 15 सूत्रीय मांगपत्र एसई को सौंपा

# पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने मांगों को लेकर किया रोष प्रदर्शन

■ अधीक्षक अभियंता राजीव गुप्ता ने कर्मचारियों की मांगों को जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन के दौरान उपस्थित कर्मचारी एवं यूनियन पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कस यूनियन की जिला कमेटी द्वारा रोष प्रदर्शन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान विष्णु दत भारद्वाज एवं संचालन प्रदेश प्रेस सचिव विनोद शर्मा ने किया। रोष प्रदर्शन अधीक्षक अभियंता जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी परिमण्डल कार्यालय गोहाना रोड सोनीपत में सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक किया गया।

प्रदर्शन के दौरान जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज ने बताया कि कर्मचारियों ने अपना 15 सूत्रीय मांग पत्र प्रदेश अध्यक्ष कुलवंत शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह दहिया की अगुवाई में अधीक्षक अभियंता राजीव गुप्ता को सौंपा और कर्मचारियों की मांगों का जल्द से जल्द समाधान की सिफारिश की। अधीक्षक अभियंता द्वारा भी संगठन को आश्वस्त किया कि सभी फील्ड कर्मचारियों की मांगों का समाधान जल्द करवाने का प्रयास किया जाएगा, संगठन द्वारा भी कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि अगर 10 दिन के अंदर मांगों का समाधान नहीं हुआ तो भविष्य में मीटिंग बुलाकर अधिकारियों से आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की होगी।

**ये रहे मौजूद:** इस दौरान सतबीर, कृष्ण, सत्यवान, लहणा सिंह, रवि, ब्रजमोहन, सुंदर सिंह, प्रदीप, संदीप, रामप्रसाद, मोहन, नरेश, मुकेश, धूप सिंह, सुरेंद्र, सुरेश, अमित कुमार, देवेन्द्र, रणबीर, राजबीर, दलीप, रमेश, शंभू गौड़, रामेश्वर, राजेन्द्र, रोहतास आदि मौजूद रहे।

### 80 कर्मचारियों ने ग्रहण की सदस्यता सुमेर बने चेयरमैन

प्रदेश सह सचिव सतीश कुमार रंगा, प्रदेश प्रेस प्रवक्ता विनोद शर्मा ने बताया कि आज रोष प्रदर्शन के साथ ही आज अन्य संगठनों को छोड़कर लगभग 80 कर्मचारियों ने संगठन में आस्था व्यक्त की और संगठन की सदस्यता ग्रहण की। जिसका अलग से एक नई ब्रांच खोलकर उनका चुनाव करवाया गया। जिसमें चुनाव पर्यवेक्षक के रुप में प्रदेश अध्यक्ष कुलवंत शर्मा व प्रदेश उपाध्यक्ष ईश्वर दहिया द्वारा नवनियुक्त कर्मचारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान सर्वसम्मति से ब्रांच चैयरमेन सुमेर चंद, प्रधान दिलबाग सिंह, सचिव योगेश शर्मा, कोषाध्यक्ष संदीप कश्यप को चुना गया।



गन्नौर। बाल संस्कार शिविर में समाज सेविका भावना जग्या प्रतिभागी छात्राओं का सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# भाविप के पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर का आगाज

■ बच्चों को आत्मरक्षा आध्यात्मिक ,ज्ञान वैदिक मंत्र उच्चारण सीखाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

भारत विकास परिषद द्वारा बुधवार को पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ लहरी सिंह पार्क गन्नौर में किया गया।

इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष संदीप सिंघल, भावना जगया, मनीषा जैन के अलावा संघ के जिला संचालक डॉक्टर दीपचंद गर्ग सहित सैकड़ो छात्रों, अध्यापकों व शहर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। भारत विकास परिषद शाखा के अध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया कि भारत विकास परिषद द्वारा बच्चों में योग ,आत्मरक्षा ,आध्यात्मिक ,ज्ञान वैदिक मंत्र उच्चारण , भजन ,प्रश्नोत्तरी, नैतिक शिक्षा, चित्रकला खेल एवं शारीरिक गतिविधियां बौद्धिक और संगीत में व्यायाम सीखने के लिए यह शिविर लगाया गया है ताकि बच्चे समय का सदुपयोग करने के साथ-साथ अपने शारीरिक और मानसिक विकास को पूरा कर सके। उन्होंने कहा कि पांच दिवसीय शहर में अलग-अलग तरह से बच्चों को सिखाया जाएगा।



राई। पार्षद पुनीत राई विकास कार्यों का औचक निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# मेन पंपिंग स्टेशन का 75 प्रतिशत काम पूरा, अब दबाई जाएगी लाइन

■ लिवान व राई में 17 .50 करोड़ से एमपीएस और 9 .96 करोड़ से आएगा यमुना का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नगर निगम के वार्ड नंबर आठ में शामिल राई व लिवान गांव में शहर की तर्ज पर विकास कार्य किए जा रहे हैं। नगर निगम के अधिकारियों के साथ पार्षद पुनीत राई ने विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निगम के ठेकेदार व अधिकारियों से कहा कि विकास के मामले में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। नगर निगम के वार्ड नंबर 8 के पार्षद एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुनीत राई ने कहा कि लिवान व राई गांव में पहले पंचायत होती थी। जिस कारण विकास कार्य नहीं हो रहे थे। सरकार ने इन दोनों गांवों को नगर निगम में शामिल किया था। उसके बाद विकास कार्य हो रहे है। अब यहां पर विकास कार्य शहर की कालोनियों के बराबर हो रहे हैं। पार्षद पुनीत राई ने कहा कि लिवान व राई गांव में पानी निकासी का स्थाई समाधान होगा। 17.50 करोड़ की ग्रांट से बन रहे एमपीएस यानि मेन पंपिंग स्टेशन का 75 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। अब 7 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन दबाने का काम शुरू हो गया है। पार्षद पुनीत राई ने बताया कि राई गांव में एक करोड़ 22 लाख से सीवरेज दबाई जा रही है। इसी तरह से लिवान गांव में भी 1 करोड़ 22 लाख से सीवरेज लाइन दबाई जा रही है। पेयजल के लिए 9.96 करोड़ से रेनीवेल का पानी लाने का काम शुरू हो गया है। इसके अलावा 1 करोड़ 50 की लागत से गलियों का निर्माण कार्य हो रहा है।

# कांग्रेस पर्यवेक्षक के सामने कार्यकर्ताओं ने सुनाई खरी-खरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सांसद वर्षा गायकवाड़। फोटो : हरिभूमि

एआईसीसी ऑब्जर्वर एवं सांसद वर्षा गायकवाड़ बुधवार को खरखौदा के वाल्मीकि आश्रम में पहुंची और संगठनात्मक मुद्दे पर पार्टी कार्यकर्ताओं के विचार जाने। कार्यकताओं से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने मजबूत इरादों से मेहनत करनी चाहिए। पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अपने क्षेत्र में पूरी लगन के साथ मेहनत करनी चाहिए।

मेहनत के बलबूते पर ही पार्टी के शीर्ष नेताओं द्वारा निर्णय लेकर किसी एक को चुनाव मैदान में उतारा जाता है। लेकिन देखने में यह आता है कि जिन लोगों को चुनाव में टिकट नहीं मिल पाता है। वह चुनाव में लड़ रहे उम्मीदवार से दूरी बना लेते हैं। कांग्रेस पार्टी एक परिवार है और परिवार में जिस किसी को भी टिकट मिलता है। परिवार के सदस्यों को उस उम्मीदवार की सफलता के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का प्रयास धरातल पर संगठन को मजबूत करना है। उन्होंने पार्टी के पूर्व विधायकों व कार्यकर्ताओं से बारी बारी खरखौदा क्षेत्र के बारे में विचार विनिमय किया। पूर्व विधायक जयवीर सिंह ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने विचार व सुझाव रखने का पूरा हक है। वह अपने विचार अलग से सांसद वर्षा गायकवाड़ से साझा करके जानकारी दे सकते हैं। वरिष्ठ कार्यकर्ता कुलदीप दहिया ने कहा कि उनका सुझाव है कि कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कार्यालय होना चाहिए। विधायक बनने के बाद कई नेताओं द्वारा अपने निजी कार्यालय बना लिए जाते हैं। जहां पर क्षेत्र के अन्य नेता व कार्यकर्ता जाने से कतराते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चुनाव के बाद कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं की यह पहली बैठक हो रही है। जबकि 9 महीने से स्थानीय नेता क्षेत्र से गायब रहे हैं। क्षेत्र के विकास के लिए विपक्ष का मजबूत होना बेहद जरूरी है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, सुखबीर फरमाना, कर्नल रोहित चौधरी, सुरेंद्र शर्मा, जोगिंद्र दहिया, अंकित दहिया, दिनेश मटिंडू, सिकंदर दहिया, अंजू बाला खटक, सुषमा मुंदडिया, शिव कुमार आदि मौजूद रहे।

## ऐतिहासिक फैसलों ने देश व प्रदेश के लोगों का दिल जीता



**गोहाना।** भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक एवं पूर्व जिला महामंत्री परमवीर सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प से सिद्धि अभियान के माध्यम से देश को नई दिशा देने का काम किया है। भाजपा ने देश व प्रदेश लोगों से जो वायदे किए थे उनको पूरा किया गया है। कुछ जो वायदे अभी पूरे नहीं हुए हैं उनको भी जल्द पूरा किया जाएगा। भाजपा नेता परमवीर सैनी ने कहा कि भाजपा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय भावना व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अखंड भारत व राष्ट्र एकता की भावना पर लिए गए ऐतिहासिक फैसलों ने देश व प्रदेश के लोगों का दिल जीतने का काम किया है। भाजपा की अंत्योदय, राष्ट्र प्रेम की भावना व विकासकारी योजनाओं के चलते ही देश व प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में भाजपा की सुशासन व्यवस्था से हर वर्ग खुश है। भाजपा जो वायदा करती है उसे पूरा करती है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अब तक 28 संकल्प पूरे कर लिए हैं और इसी साल 90 संकल्प भी पूरे कर लिए जाएंगे। इसके बाद तेजी से विकास होगा।

## पौधरोपण अभियान: रोपित किए 10 पौधे



सोनीपत। जनहित अभियान फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा और अन्य सदस्य पौधरोपण करते हुए।

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन द्वारा इंडस्ट्री एरिया के पार्क में पौधरोपण अभियान चलाया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज कि मुहिम में फलदार व छायादार 10 पौधे लगाए और सभी से निवेदन किया अभी बारिश के मौसम में सभी अधिक से अधिक पौधे लगाए और जब तक वह पेड़ नहीं बन जाते उनकी देखभाल करे ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके। इस अवसर पर अंग्रेजी प्रवक्ता पूर्ण सिंह, अनुज जैन, रविंद्र हुड्डा, अनिल पहलवान, सेरा गहलावत, मुकेश माली, सोनू, बाल पर्यावरण मित्र उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**आरोप** घटिया सामाग्री इस्तेमाल करने का लगाया आरोप

# खेड़ी गुज्जर रोड पर नई बनी गलियों की नालियां पहली बारिश में ही टूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

■ निर्माण काम खत्म होते ही गलियां व नालियां 10 दिन में ही टूटने लगी हैं

■ लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए नए सिरे से नाली का निर्माण करवाने की मांग की है।



गन्नौर । नगरपालिका द्वारा बनवाई हुई पहली ही बरसात में टूटी हुई गलियों की नालियां। फोटो : हरिभूमि

नगरपालिका के कारनामे लगातार सामने आ रहे है। जहां ठेकेदार द्वारा निर्माण काम खत्म होते ही गलियां व नालियां 10 दिन में ही टूट रही है। नगरपालिका के अधिकारियों की अनदेखी भारी पड़ रही है। नपा अधिकारी शहर में लगातार विकास के दावे कर रहे है, लेकिन गलियों में घटिया सामाग्री से निर्माण किया जा रहा है।

खेड़ी रोड पर नगरपालिका द्वारा गलियों व नालियों का निर्माण किया जा रहा है। जिसमे ठेकेदार घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल कर रहा है। जिस वजह से 10 दिन के अंदर नालियां टूटने लगी है। वही पहली बारिश में नपा के विकाश के दावे फेल हो गए। जब बारिश में पानी नालियां में भरा तो नालियों की बनी दीवार टूटने लगी। स्थानीय निवासी रोहतास, सतपाल, ईश्वर व विजय ने बताया कि उनकी गली में ठेकेदार घटिया सामग्री इस्तेमाल कर निर्माण कर रहा है। जब विभाग को शिकायत की तो सिर्फ खानापूर्ति की गई। लेकिन अब स्थानीय लोगों द्वारा गली निर्माण की पोल खोली गई है। उन्होंने बताया कि नाली बनने से बिछाने से पहले पत्थर व अन्य जरूरी सामग्री डालने के बजाय सीधे कच्चा माल डालकर नाली का निर्माण कर दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य बेहद घटिया स्तर का किया गया। जिस वजह से नाली टूट कर उखड़ने लगी। जिस पर लोगो ने आपत्ति जताई है। अब स्थानीय लोगों ने लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए नए सिरे से नाली का निर्माण करवाने की मांग की है।



गन्नौर। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपित। फोटो : हरिभूमि

# पुलिस ने फैक्ट्री पर मारा छापा नकली तारकोल बनाते पांच धरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गढ़ी कला-चिरस्मी रोड पर अवैध तरीके से नकली तारकोल बनाने की फैक्ट्री पर गन्नौर थाना पुलिस ने छापेमारी कर छह आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया है।

गन्नौर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दरिया इंटरप्राइजेज गन्नौर के नाम से चलाई जा रही फैक्ट्री में काला राठी, किस्मत राठी निवासी गांव गांजबड़, पानीपत और सुरेंद्र सिंह एंचरा कलां, जींद द्वारा यह अवैध काम कराया जा रहा है। फैक्ट्री मालिक सलीम गढ़ी कला ने यह जगह किराए पर दी थी। पुलिस टीम थाना प्रभारी जसपाल सिंह के नेतृत्व में मंगलवार देर शाम एएफएसओ हरेंद्र और स्टाफ के साथ फैक्ट्री पर छापेमारी की। मौके पर पांच लोग पाउडर को तारकोल में मिलाते हुए पकड़े गए। इनमें सुरेंद्र सिंह, नंदलाल व बद्री प्रसाद निवासी अलवर, राजस्थान, संयोग व मनोज निवासी नेपाल शामिल हैं। मौके से लगभग 700-800 लीटर काला तेल, 400-500 कट्टे पाउडर, उबलता तारकोल टेंकर, मिक्सिंग टैंक व अन्य सामग्री बरामद की गई। फैक्ट्री में न तो कोई दस्तावेज थे, न ही स्टाक रजिस्टर, अग्निशमन या प्रदूषण नियंत्रण से कोई अनुमति ली गई थी। पुलिस ने पांचो व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा फैक्ट्री सील कर दी गई है। जांच अधिकारी एसआई सतबीर सिंह ने बताया कि आरोपितों को अदालत में पेश किया गया जहां सुरेंद्र सिंह को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है कि जबकि चार आरोपितों को आदेशानुसार जेल भेज दिया गया है।